न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 77/2022 बउनवानी भाग्य सिंह मीना बनाम लो.सू.अधि.एवं जिला रसद अधिकारी,स0मा
पुत्र श्री रामस्वरूप मीना, निवासी पीलोदा तहसीलदार वजीरपुर

GCMS No-2022/135

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिश्यिल जज
23.8.2022	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने हेतु दिनांक 06.5.2022 को लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर के कार्यालय में अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः– 1. पीलोदा ग्राम पंचायत मे कितने सरकारी कर्मचारी खाद्य सुरक्षा योजना के गलत तरीके से लाभ उठा रहे है इनके खिलाफ किस प्रकार की कानूनी कार्यवाही होती है। 2. खाद्य सुरक्षा योजना मे पीलोदा ग्राम पंचायत मे अब तक अपात्रों के रिकवरी हेतु किस प्रकार की कार्यवाही की गयी है इस विषय मे सत्यापित जानकारी दी जावे। 3. अगर किसी सरकारी कर्मचारी के माता पिता खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे है तो वे पात्र है या अपात्र है इस विषय मे सत्य जानकारी दिलावे। 4. खाद्य सुरक्षा अधिनियम मे वितरित गेंहूँ की शुल्क राशि किलो के अनुसार कितने रूपये उपभौक्ता को देनी पडती है इसकी समस्त जानकारी दी जावे। 5. खाद्य सुरक्षा अधिनियम मे लाभार्थियों को पोस मशीन से पर्ची नही मिलती है तो डीलर के खिलाफ किस प्रकार की कार्यवाही बनती है इस विषय मे सत्यापित सूचना दी जावे। 6. उपभौक्ता सप्ताह माह मे किस तारीख से किस तारीख तक होता है इसमे दुकान खुलने का समय आदि बतावे। 7. खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाली सामग्री किस प्रकार विभाग द्वारा किन किन वस्तुओं के रूप मे दी जा रही है इसकी सत्यापित सूचना दी जावे। 8. केरोसीन वितरण के बारे मे सूचना दी जावे किस तिथि से बन्द किया गया हैं। 9. खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वितरण सामग्री किस कर्मचारी के निरीक्षण मे वितरण की जाती है। ग्राम पीलोदा में इसकी जानकारी देवे। 10. एन.एफ.एस योजना के लाभार्थियो के विभाग द्वारा अन्य सुविधा प्रदान किस प्रकार उपलब्ध करवायी जाती है इसकी जानकारी दी जावे। 11. खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएस) लाभार्थियो को कुल अनाज गेंहूँ कितना आवंटित किया जाता है पीलोदा ग्राम पंचायत मे इस विषय मे सत्यापित जानकारी देवे। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्ले[illegible]ना, लोक सूचना अधिकारी एवं लोक सूचना अधिकारी एवं जिला [illegible] द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण [illegible] अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय [illegible] जो दर्ज रजिस्टर [illegible]कर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी। (सुरेश कुमार ओला) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Suresh Kumar Ola
Date: 2023.03.17 17:32:45 IST
Reason: SelfAttested

नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही हुआ। दौराने सुनवायी पैरोकार रसद ने कथन किया कि लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर के जवाब नोटिस क्रमांक/आरटीआई/ 2022/ 806 दिनांक 23.8.2022 से अवगत कराया कि उक्त प्रार्थना पत्र में अंकित बिन्दु संख्या 4,7 की सूचना अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है शेष बिन्दुओ की सूचना प्रश्नात्मक होने के कारण उपलब्ध नही करवायी गयी है जिसके संबंध मे अपीलान्ट को अवगत कराया जा चुका है। अतः अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार रसद द्वारा निवेदन किया गया।

पैरोकार रसद द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 6.5.2022 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 4,7 की सूचना जिला रसद अधिकारी सवाईमाधोपुर द्वारा अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी गयी है शेष सूचना प्रश्नात्मक होने से उपलब्ध नही करवायी गयी है। यद्यपि चाही गयी सूचना प्रश्नात्मक है किन्तु सामान्य प्रकृति की होने के कारण अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा सकती है। अतः जिला रसद अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि शेष बिन्दुओं की सूचना भी अपीलान्ट 7 दिवस मे उपलब्ध करवायी जावे। उक्त निर्देश के साथ अपील अपीलान्ट का निस्तारण किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आदेश खुले न्यायालय मे सुनवाया गया।

(सुरेश कुमार ओला)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Kumar Ola
Date: 2023.03.17 17:32:45 IST
Reason: SelfAttested